# यूपीईएस में मिलेगी अंतरराष्ट्रीय शिक्षा

देहरादून (वि)। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शिक्षा क्षेत्र में साझेदारी को बढ़ावा देने के लिए यूपीईएस और यूनिवर्सिटी ऑफ नॉटिंघम के बीच करार हुआ। यूपीईएस के इंटरनेशनलिटी प्रमुख और स्कूल ऑफ लॉ के डीन, प्रो. अभिषेक सिन्हा ने बताया, यह साझेदारी छात्रों के लिए वैश्विक सीखने के अनुभव, अकादमिक एक्सचेंज और संयुक्त शोध परियोजनाओं को बढ़ावा देने की दिशा में की गई है। शुरुआत में यह समझौता यूपीईएस के स्कूल ऑफ एडवांस्ड इंजीनियरिंग के छात्रों के लिए ग्लोबल स्टडी पाथवे और आर्टिकुलेशन प्रोग्राम तक सीमित है, लेकिन भविष्य में इसे अन्य स्कूलों तक भी विस्तारित किया जा सकता है। यह समझौता फैकल्टी एक्सचेंज को भी बढ़ावा देगा, जिससे दोनों विश्वविद्यालयों के शिक्षक एक-दूसरे के साथ मिलकर पढ़ाने और शोध की बेहतरीन पद्धतियां अपना सकेंगे।



करार की फाइल दिखाते प्रतिनिधि।